卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 113 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦28 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमान क्रैश

### एक विमान मध्य प्रदेश के मुरैना जिले और दूसरा राजस्थान के भरतपुर जिले में जा गिरा,चोटिल पायलटों को अस्पताल में भर्ती कराया गया



ग्वालियार(उद ब्यूरो)। इंडियन एयरफोर्स के लड़ाकू विमान सुखोई-30 और मिराज-2000 अचानक हवा में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दोनों में से एक विमान मध्य प्रदेश के मुरैना जिले और दूसरा राजस्थान के भरतपुर जिले में जा गिरा। दोनों ही विमान जलकर खाक हो गए।शनिवार को मुरैना के पहाड़गढ़ में सुखोई क्रैश हुआ, जिसके चोटिल पायलटों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि भरतपुर के पींगोरा गांव में गिरे मिराज के पायलटों की मौत हो गई है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हादसे पर नजर बनाए हुए हैं। मुरैना जिले में शनिवार सुबह वायसेना के सुखोई-30 और मिराज-2000 विमान क्रैश होने की खबर से हड़कंप मच गया। पता चला कि इन दोनों विमानों ने ग्वालियर एयरबेस से करीब सुबह 9:15 उड़ान भरी थी। 50 किमी तय करते ही विमान हवा में ही जल उठे और मुरैना के पहाड़गढ़ स्थित (शेष पेज सात पर)

## हरिद्वार पहुंचे धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

### बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर का आचार्य बालकृष्ण ने किया स्वागत, संतों को दिया निमंत्रण

हरिद्वार(उद ब्यूरो) बमध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शुक्रवार देर रात हरिद्वार आचार्य बालकृष्ण के कनखल दिव्य मंदिर ब्यासी में रहे बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर शुक्रवार को मध्य प्रदेश में 13 से 19 फरवरी को आयोजित होने वाले यज्ञ का हरिद्वार के संत समाज को निमंत्रण देने लगी। पूरा कार्यक्रम गोपनीय रखा गया। पूरे दिन बालकृष्ण के ब्यासी में रहे। ब्यासी से शास्त्री ने आचार्य बालकृष्ण के साथी अपने फेसबुक से वीडियो भी जारी





आश्रम पहुंचे। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आश्रम पहुँचने पर भव्य स्वागत हुआ। शास्त्री शुक्रवार पूरे दिन आचार्य बालकृष्ण के साथ ऋषिकेश स्थिति आए थे। सुबह हरिद्वार दिव्य मंदिर आश्रम में कुछ समय रुकने के बाद वह आचार्य बालकृष्ण के साथ ब्यासी चले गए। मीडिया को इसकी भनक तक नहीं किया था। देर रात शास्त्री और बालकृष्ण के साथ कनखल दिव्य मंदिर आश्रम पहुंचे। यहां पहुंचने पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का भव्य स्वागत हुआ।(शेष पेज सात पर)

## 73.12 ग्राम स्मैक सहित दो तस्करों को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीओ बाजपुर भूपेन्द्र सिंह भण्डारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान दो नशा तस्करों को कुल 73.12 ग्राम अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व अवैध शराब के



खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सीओ बाजपुर भूपेन्द्र सिंह भण्डारी के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बाजपुर आदिं पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान बाजपुर दोराहा रोड फ्लाईओवर के नीचे दो लोगों को संदिग्ध रूप से घूमते पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता नदीम पुत्र अकबर अली निवासी (शेष पेज सात पर)

## एसटीएफ ने हाथी के दांत के साथ तीन वन्य जीव तस्करों को कालाढूंगी से किया गिरफ्तार

देहरादून/हल्द्वानी।(उद संवाददाता)। वन्य जीव जंतु संपदा से भरपूर उत्तराखंड में तस्करों की निगाहें हर समय लगी रहती हैं। जिसके चलते उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से वन्य जीव जंतुओं का शिकारियों द्वारा शिकार कर उनके अंगों की तस्करी की जाती रही है। जिसको देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा वन्य जीव जंतुओं की तस्करी को रोकने के लिए एसटीएफ में एक स्पेशल टीम को अलग से मुस्तैद कर दिशा निर्देश दिए गए है।' जिसका परिणाम है कि एक माह के अंदर दो अलग-अलग जगहों से एसटीएफ द्वारा हाथी दांत की बरामदगी करते हुए अब तक 4 वन्य जीव जंतु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 27 जनवरी 2023 को एसटीएफ को सूचना प्राप्त हुई कि नैनीताल कालाढूंगी क्षेत्र में वन तस्कर का गिरोह है, जो हाथी दांत एवं अन्य जीव-जंतुओं की तस्करी कर रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ शाखा देहरादून में नियुक्त टीम को कालाढूंगी क्षेत्र जनपद नैनीताल में भेजा गया जहां से 3 वन्य तस्करों को दिनाक 27 जनवरी को मनखण्डपुर, पवलगढ़, कालाढूंगी से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक प्रतिबंधित हाथी दांत बरामद किया गया है। पकड़े गए तस्करों से एसटीएफ द्वारा लगातार पूछताछ की जा रही है।उनके आगे के अन्य संपर्कों का भी पता लगा है, इसके अलावा तस्करों द्वारा कहां से हाथी दांत प्राप्त किया गया है,उसकी भी जानकारी की जा रही है। पकड़े गए वन तस्करों के विरुद्ध (शेष पेज सात पर)

## पाक्सो के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

रुद्रपुर(उदसंवाददात)। रम्पुरा पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की



जा रही। पुलिस के मुताबिक 27 जनवरी को खेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी नाबालिग लड़की को आशीष पाल निवासी वार्ड 19 पर भगा कर ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग लड़की को बरामद किया है। चौकी (शेष पेज सात पर)

## तेज तर्रार सब इंस्पेक्टर अर्जुन गिरी ने संभाला चौकी प्रभारी का चार्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। तेज तर्रार सब इंस्पेक्टर अर्जुन गिरी गोस्वामी ने चौकी प्रभारी रम्पुरा का चार्ज संभाल लिया। एसएसपी डॉ मंजुनाथ टिसी ने पिछले दिनों कुछ सब इंस्पेक्टरों के ट्रांसफर किए थे। उसमें सब इंस्पेक्टर अर्जुन गिरी गोस्वामी को रम्पुरा चौकी प्रभारी का चार्ज दिया। जिस समय ट्रांसफर लिस्ट जारी हुई थी,उस समय सब इंस्पेक्टर गिरी बागेश्वर मेले में ड्यूटी पर थे। गिरी ने चौकी पर पहुंच चार्ज संभाल लिया। उन्होंने बताया कि (शेष पेज सात पर)



## स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान बाईक सवार नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव के नेतृत्व में उप निरीक्षक लक् लक्ष्मण दत्त जोशी, कांस्टेबल नवीन जोशी क्षेत्र में चौकिंग कर रहे थे।इसी दौरान कल्याणपुर तिराहे से कुछ आगे संदिग्ध रूप से



आते बाईक सवार को रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता गुरविन्दर उर्फ गुरी पुत्र प्रीतम सिंह निवासी कल्याणपुर बताया। तलाशी लेने पर (शेष पेज सात पर)

## बागेश्वर धाम सरकार के समर्थन में निकाली ध्वज यात्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। बागेश्वर धाम सरकार के समर्थन में यह हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने विशाल ध्वज यात्रा निकाली। यह ध्वज यात्रा मोहल्ला किला से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई रामलीला मैदान में समाप्त हुई। ध्वज यात्रा में सैकड़ों की तादाद में शामिल सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा जय श्री राम के गगनभेदी नारे लगाए गए। पूर्व निधारित कार्यक्रम के अनुसार काशीपुर के मोहल्ला किला में अपराहन हिंदूवादी संगठन से जुड़े सैकड़ों की तादात में लोग धर्म ध्वजा लिए एकत्रित हुए। विशाल ध्वजयात्रा मोहल्ला किला से दोपहर 12 बजे शुरू होकर मैन बाजार, महाराणा प्रताप चौक, सुदामालाल स्कूल, माता मन्दिर रोड, कटोराताल रोड, चीमा चौराहा होते हुए रामनगर रोड स्थित श्री रामलीला मैदान में पहुंचकर समाप्त हुई। ज्ञातव्य है कि श्री बागेश्वर धाम सरकार के समर्थन में निकाले जाने वाली ध्वज यात्रा को लेकर पिछले लगभग पखवाड़े भर के करीब से तैयारियां जोर-शोर से जारी (शेष पेज सात पर)



## बिंदुखेड़ा से सामिया लेक तिराहे को जोड़ने वाले पीसी मार्ग का विधायक शिव ने किया शिलान्यास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा रुद्रपुर में स्वीकृत बिंदुखेड़ा मन्दिर चौराहे से सामिया लेक के पीछे तिराहे तक पीसी मार्ग के नवनिर्माण का क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने शिलान्यास किया। बिंदुखेड़ा से ग्राम सभा दानपुर के अंतर्गत आने वाले सामिया लेक को जोड़े वाले सम्पर्क मार्ग जिसको लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा पहले भी निर्माण को लेकर मांग उठाई जा चुकी है। जिसको विधायक शिव अरोरा द्वारा राज्य योजना से स्वीकृत करवा के आस पास के क्षेत्रवासियों को राहत देने का कार्य किया है। वही विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से प्रदेश सरकार विकास कार्य मे कोई कमी नही आने दे रही है और जनहित में हर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराने का प्रयास सदैव किया जा रहा है। विधायक (शेष पेज सात पर)



# विशेषज्ञ समिति ने विधानसभा की 396 तदर्थ नियुक्तियों को असंवैधानिक माना

## 2001 से 2015 तक की गयी 168 नियुक्तियों पर भी सुप्रीम कोर्ट निर्णय के आधार पर परीक्षण कराकर निर्णय को कहा

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा की नियुक्तियों की जांच के लिये बनायी गयी विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट 20 सितम्बर 22 में 2001 से लेकर 2021 तक की गयी सभी 396 तदर्थ नियुक्तियों को असंवैधानिक व गलत माना है जिसमें 228 नियुक्तियों को निरस्त करने योग्य माना है जबकि 2013 से 2016 तक विनियमित की गयी 2001 से 2015 तक की गयी 168 नियुक्तियों को भी गलत व असंवैधानिक तो माना है लेकिन इस पर सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के उमा देवी के निर्णय के परिक्षेय में परीक्षण करके निर्णय लिये जाने को कहा यह खुलासा सूचना अधिकार अपील के बाद रिपोर्ट सार्वजनिक होने से हुआ है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने अपने सूचना प्रार्थना पत्र से विधान सभा सचिवालय के लोक सूचना अधिकारी से विधानसभा में नियुक्तियों के परीक्षक के सम्बन्ध में विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट व इस पर कार्यवाही की सूचना मांगी थी। पहले तो इस सूचना प्रार्थना पत्र का उत्तर ही नहीं मिला जब श्री नदीम द्वारा प्रथम अपील की गयी तो विशेषज्ञ समिति की 217 पृष्ठों की रिपोर्ट विधानसभा की वेबसाइट पर सार्वजनिक करके लोक सूचनाधिकारी/अनुसचिव मनोज कुमार द्वारा अपने पत्रांक 28 दिनांक 6 जनवरी 2023 से उत्तर उपलब्ध कराया है।श्री नदीम को उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार अध्यक्ष विधानसभा द्वारा गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट विधानसभा सचिवालय की वेबसाइट www. vidhansabha.uk.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।श्री नदीम द्वारा वेबसाइट से रिपोर्ट डाउन लोड करके अध्ययन करने से यह सनसनीखेज बात प्रकाश में आयी कि इसके विधानसभा सचिवालय में काार्मिकों की नियुक्तियों के विधि विरूद्ध होने न होने सम्बन्धी आख्या के पैरा 12 में सभी 396 तदर्थ नियुक्तियों को असंवैधानिक माना है। इसमें स्पष्ट उल्लेख किया है कि विधानसभा सचिवालय में वर्ष 2001 से 2022 तक की गयी तदर्थ नियुक्तियों हेतु सभी पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को समानता का अवसर प्रदान नहीं करके भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 तथा अनुच्छेद 16 का उल्लंघन किया गया है। पैरा 11 में इन सभी नियुक्तियों को नियमावलियों के प्रावधानों के उल्लंघन में होने का भी उल्लेख है। जिन प्रावधानों का उल्लंघन रिपोर्ट में दर्शाया गया है उसमें चयन समिति का गठन नहीं करना, तदर्थ नियुक्ति हेतु विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना नहीं देना और न ही नाम रोजगार कार्यालयों से प्राप्त करना, आवेदन पत्र मांगे बिना व्यक्तिगत आवेदनों पर नियुक्ति प्रदान करना, कोई प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित नहीं करना, नियमावलियों के प्रावधानों के अनुसार उत्तराखंड राज्य की अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित न करना (आरक्षण लाभ) शामिल है।आख्या के पैरा 3 में वर्षवार तदर्थ नियुक्तियों की संख्या का उल्लेख है। इसमें 2001 में 53, 2002 में 28, वर्ष 2003 में 5, वर्ष 2004 में 18, वर्ष 2005 में 08, वर्ष 2006 में 21, वर्ष 2007 में 27 तथा वर्ष 2008 में 1, वर्ष 2013 में 01, वर्ष 2014 में 7, वर्ष 2017 में 149, वर्ष 2020 में 6 तथा वर्ष 2021 में 72 नियुक्तियां शामिल है।इसमें वर्ष 2009 से 2012, 2015, 2017 से 2019 तथा 2022 वर्षों में कोई तदर्थ नियुक्ति नहीं दर्शायी गयी है। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस सूची में उत्तर प्रदेश से आये कार्मिक, सेवानिवृत कार्मिक, जिनका निधन हो चुका है, त्याग पत्र देने वाले, मृतक आश्रित तथा उपनल/आउटसोर्सिंग के आधार पर रखे काार्मिक शामिल नहीं है। आख्या के पैरा 4 में जिन पदों पर 396 तदर्थ नियुक्तियां की गयी है उन 24 पदों का उल्लेख है। इसमें प्रतिवेदक के 20 पद, सम्पादक के 5, अनुभाग अधिकारी (शोध एवं संदर्भ) के 1, डिप्टी मार्शल का 1, सूचना अधिकारी का 1, अपर निजी सचिव के 40, समीक्षा अधिकारी के 13, सहायक समीक्षा अधिकारी के 78, सहायक समीक्षा अधिकारी (शोध एवं सदर्भ) के 14, सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) के 20, उप प्रोटोकोल अधिकारी के 4, व्यवस्थापक के 3, सूचीकार के 8, कम्प्यूटर सहायक के 14, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 3, स्वागती के 4, महिला रक्षक के 15, रक्षक पुरूष के 49, तकनीशियन के 2, हाउसकीपिंग सहायक के 2, चालक के 22, फोटोग्राफर का 1, डाक रनर का 1, तथा परिचारक के 75 पद शामिल है। पूर्व आई.ए.एस. दिलीप कोटिया (अध्यक्ष), सुरेन्द्र सिंह रावत तथा अवनेन्द्र सिंह नयाल की समिति ने केवल नियुक्तियों की वैधता पर ही आख्या प्रस्तुत नहीं की है बल्कि मुकेश सिंघल की सचिव विधानसभा के रूप में प्रोन्नति की वैधता, सचिव के अतिरिक्त अन्य पदों पर प्रोन्नति की वैधता, विधानसभा सचिवालय में की गयी नियुक्तियों के सेवा नियमावलियों में निर्धारित योग्यता के अनुरूप होने /न होने के सम्बन्ध में भी आख्या प्रस्तुत की है। इसके अतिरिक्त भविष्य में सुधार हेतु 15 सुझाव भी प्रस्ततु किये है। इस रिपोर्ट के संलग्नकों में सम्बन्धित नियमावलियां तथा सभी तदर्थ नियुक्त कार्मिकों के नामों सहित व पदनाम सहित वर्ष वार सूची भी शामिल की गयी है।

# कानून की पकड़ से दूर है आरोपी कार चालक, पत्रकारों में आक्रोश

रामनगर/काशीपुर(उद संवाददाता)। गाड़ी को तेजी व लापरवाही से चलाकर बाइक सवार पत्रकार को गंभीर रूप से लहूलुहान करने वाले आरोपी कार चालक का रामनगर पुलिस अब तक कोई सुराग नहीं लगा सकी। इस मामले को लेकर पत्रकारिता जगत से जुड़े कलमकारों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। ज्ञातव्य है कि बीते 9 जनवरी को आवश्यक कार्यवश काशीपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव वाया कुंडा रामनगर की ओर जा रहे थे इसी दौरान चोर पानी के समीप काले रंग की अनियंत्रित कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चला कर मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मारते हुए पत्रकार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। अत्यधिक चोट लगने पर पत्रकार बेहोश हो गए। इस दौरान कार चालक ने पत्रकार को अपनी गाड़ी में बिठाकर रामनगर के राजकीय चिकित्सालय के समीप छोड़ दिया और वहां से फरार हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से घायल पत्रकार को रामनगर से काशीपुर लाया गया। यहां जसपुर अड्डे के समीप स्थित सहोता अस्पताल में उपचार लगातार जारी है। सिटी स्कैन में पत्रकार के सिर की हड्डी दो जगह से फ्रैक्चर पाई गई। उसके अलावा उनके बाएं हाथ में भी फ्रैक्चर मिला। घटना के 3 दिन बाद रामनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया लेकिन पखवाड़ा बीत जाने के बावजूद आरोपी कार चालक कानून की पकड़ से दूर है।

# ऑनलाइन डिलीवरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। घरेलू सामान की ऑनलाइन होम डिलीवरी करने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर थोक व्यापारी को पुलिस ने फरीदाबाद हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार घरेलू सामानो के थोक विक्रेता ऋषभ पाठक द्वारा कोतवाली में रपट दर्ज कराई गई थी कि उनके द्वारा अपने दुकान मैं घरेलू किचेन सामान के विक्रय हेतु सोनू भाई शर्मा मालिक नित्या एंटरप्राइजेज, अंकलेश्वर जिला भरूच, गुजरात से कुल 2. 11लाख रुपए का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन किया गया। मगर उन्हें कुल 49297 रुपए का सामान ही प्राप्त हुआ।मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव को दी गई। उनके द्वारा घटनाक्रम के विभिन्न पहलुओं के बारे में बारीकी से जांच की गई। जिसमें आरोपी सोनू भाई शर्मा को कुल 161703 रुपए के गबन का दोषी पाया गया। पुलिस ने बताया चूंकि आरोपी सोनू भाई शर्मा बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था जिस कारण उसकी गिरफ्तारी संभव नहीं हो पा रही थी। जिस पर जनपद की सर्विलांस सेल की मदद से आरोपी को उप निरीक्षक जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव हल्द्वानी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सेक्टर 28 फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त द्वारा देश के विभिन्न व्यापारियों से भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी की गई है। जिसके संबंध में आरोपी का आपराधिक इतिहास ज्ञात किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव के साथ आरक्षी संतोष बिष्ट व एसओजी के आरक्षी अनिल गिरी शामिल थे।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

गूलरभोज(उद संवाददाता)। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गदरपुर और व्यापार मंडल गूलरभोज द्वारा भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय दृष्टि वीहीनता नियंत्रण राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के तहत रामलीला भवन गूलरभोज में एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन



अनीता दुबे एवं डॉ प्रवीण श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं फीता काटकर किया गया ।शिविर में जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ प्रवीण श्रीवास्तव द्वारा लोगों की आंखों की जांच किया गया है । जांच में नाखूना और मोतियाबिंद पाए जाने पर जिला चिकित्सालय रुद्रपुर में निशुल्क आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा । जिसमें आई टेक्नीशियन के रूप में जसविंदर सिंह नंदराम फार्मासिस्ट के. सी नैंनवाल व इस शिविर का आयोजक रेड क्रॉस चेयरमैन डॉक्टर सोनू विश्वास जिला चेयरमैन परवीन अरोड़ा डॉ कुलदीप रघुवंशी राजीव शर्मा अनामी विश्वास दीपंकर मंडल ओमप्रकाश डोगरा नरेश तरुण दुबे शमिल रहे।

# वैश्य महासभा ने आयोजित किया खिचड़ी सहभोज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।वैश्य महासभा द्वारा गणतंत्र दिवस पर वैश्य समरसता खिचड़ी सहभोज और झण्डारोहण का आयोजन किया गया। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों और प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। वैश्य महासभा अध्यक्ष आलोक शारदा ने समाज के प्रत्येक नागरिक को सभी प्रतियोगी परिक्षाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने और अपने परिवार और समाज



का हर क्षेत्र में रौशन करने का आग्रह किया।इस अवसर पर संरक्षक सुशील अग्रवाल पप्पी, विनय लाहोटी, गंगा जायसवाल, महामंत्री भवानी शंकर, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र केसरवानी, विनीत अग्रवाल, अतुल जायसवाल, सीमा देवल, वैश्य महिला समिति अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, युवा वैश्य महासभा अध्यक्ष उमेश गुप्ता, कपिल अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने सीखा पोषण युक्त साबूदाना की खिचड़ी बनाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की ओर से जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र मे भर्ती बच्चों की माताओ को भोजन पकाने की विधि का प्रदर्शन ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की फील्ड कोऑर्डिनेटर निष्ठा द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने उपस्थित महिलाओं को साबुदाना की खिचड़ी बना कर दिखाया और खिलाई। डाइटीशियन अंशुल टंडन द्वारा साबूदाने



की खिचड़ी के स्वास्थ्य लाभ की विस्तार से जानकारी दी। वर्तमान में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन ने 15 गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया है। बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा सभी जरूरत की चीजों को पोषण पुर्णवास केन्द्र में उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सके और उनको कुपोषण मुक्त किया जा सके।

# क्षेत्र में बगैर फार्मासिस्ट के संचालित हो रहे हैं दर्जनों मेडिकल स्टोर

**-मनोज श्रीवास्तव-**

काशीपुर। स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही के कारण जिले में सैकड़ों मेडिकल स्टोर बगैर फार्मासिस्ट के संचालित किए जा रहे हैं। लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन पर नकेल कसने में खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन नाकाफी साबित हो रहा है। उधर दूसरी ओर ड्रग इकाई की बेपरवाह कार्यशैली के कारण तमाम दवाईयों की दुकानें ऐसी भी है जो लाइसेंस के नवीनीकरण के बगैर धड़ल्ले से चलाई जा रही हैं। स्वास्थ्य महकमे की यह लापरवाही आम जनता के लिए बड़ी खतरे की घंटी है। ज्ञातव्य है कि काशीपुर बाजपुर जसपुर गदरपुर को मिलाकर लगभग 700 से अधिक मेडिकल स्टोर पंजीकृत हैं। इसके अलावा सुदूर ग्रामीण इलाकों में एवं नगरीय क्षेत्र में सैकड़ों की तादाद में ऐसे भी मेडिकल स्टोर हैं जिन्होंने कभी अपना पंजीकरण कराया ही नहीं। जो पूरी तरह बगैर फार्मासिस्ट के संचालित हैं। मजे की बात तो यह है कि आज तक कभी ड्रग इंस्पेक्टर ने इस तरह के मेडिकल स्टोरों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। यानी एक और जहां सरकार और शासन द्वारा फार्मासिस्ट की अनिवार्यता गिनाते हुए दवा कारोबार में उसकी मौजूदगी महत्वपूर्ण बताई जाती है वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारी नियम कायदों को ताक पर रखकर मनमानेपन को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। नियमानुसार बगैर फार्मासिस्ट संचालित दवा की दुकानों के लाइसेंसों को निलंबित करके दवाओं की बिक्री पर पाबंदी लगा देनी चाहिए लेकिन ऐसा हुआ तो भ्रष्ट अधिकारियों की जेब कैसे गर्म होगी यह मुद्दा है। मजे की बात तो यह है कि शहरी इलाके में तमाम मेडिकल स्टोरों पर प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री की जा रही है। ऐसे मामलों में ग्रामीण इलाकों का हाल और भी बदतर है। आए दिन पुलिस नशीले इंजेक्शन टेबलेट कैप्सूल आदि के साथ इस तरह के लोगों को गिरफ्तार भी करती है लेकिन इसके बावजूद नशे का गैरकानूनी कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। समाज के प्रबुद्ध लोगों का मानना है कि स्वास्थ्य महकमा दायित्वों को लेकर पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है।

## पैथोलॉजी लैब में रोगियों के जान से खिलवाड़

राजकीय चिकित्सालय के आसपास खुले पैथोलॉजी लैब में डॉक्टर आज भी नदारद हैं। जांच रिपोर्ट अप्रशिक्षित लड़के भ्रष्ट चिकित्सकों के इशारे पर उनके मुताबिक बनाने का काम कर रहे हैं। उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय आए रोगियों का मनमाने ढंग से दोहन किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो सुबह सवेरे से ही दलाल ओपीडी के चक्कर लगाने शुरू कर देते हैं। चिकित्सक के इशारे पर बाकायदा रोगियों को पैथोलॉजी लैब तक ले जाया जाता है जहां जांच के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूल की जाती है। यही नहीं बल्कि सूत्रों का यह भी कहना है कि मामूली रोग को जांच रिपोर्ट में गंभीर बीमारी दर्शाकर रोगियों को डराते हुए उन्हें मन मुताबिक दोहन किया जा रहा है।

## ड्रग विभाग की अनदेखी से सांठगांठ उजागर

नॉन मेडिको व्यक्ति मेडिकल स्टोर पर खुलेआम दवाइयां बेच रहे हैं। अधिकांश मेडिकल स्टोरों पर न तो लाइसेंस सामने लगा है और ना ही फार्मासिस्ट का नाम व रजिस्ट्रेशन नंबर लिखा गया है। महत्वपूर्ण बातों पर ड्रग विभाग की अनदेखी जाहिर करती है कि कहीं ना कहीं उनकी दवा कारोबारियों से सांठगांठ है। बगैर पर्ची की दवाई ना देना, नींद आने की दवाई बगैर प्रिसक्रिप्शन के न देना, टीवी आदि रोगों की दवाई देने पर मरीज की डिटेल रखना, दुकान में फ्रिज का होना आदि कुछ ऐसे नियम है जो पूरी तरह दवा कारोबार पर लागू होते हैं लेकिन यहां तो सब कुछ राम भरोसे है। सूत्रों का कहना है कि ड्रग इंस्पेक्टर दवा के थोक कारोबारियों के सीधे संपर्क में होते हैं। खुदरा कारोबारियों से उनका तालमेल माहवार बताया जा रहा है।

# आयुक्त रावत ने सिटी फॉरेस्ट का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त दीपक रावत ने रामपुर रोड स्थित चीड़ डिपो में बनने वाले सिटी फॉरेस्ट का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कहा कि हल्द्वानी सिटी फॉरेस्ट 4.5 हेक्टेयर में बनेगा। उन्होंने कहा हल्द्वानी शहर में हरियाली नहीं होने कारण सिटी फॉरेस्ट का निर्माण किया जायेगा। सिटी फॉरेस्ट में रोजगार्डन, योगा पार्क, वाटर एरिया एवं एडवेंचर के साथ ही वार्किंग एरिया बनायी जायेगी। उन्होंने कहा प्राधिकरण की ओर से स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इसके पश्चात आयुक्त श्री रावत द्वारा रामलीला मैदान व पटेल चौक बाजार का कुमाऊंनी शैली में बनने वाले सौन्दर्यीकरण का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा हल्द्वानी शहर में रामलीला मैदान व बाजार क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है जल्द ही इसमे कार्य प्रारम्भ होगा। शहर के सौन्दर्यीकरण के तहत तहसील परिसर पार्किंग व नगर निगम पुस्तकालय का भी आयुक्त द्वारा



निरीक्षण किया गया। उन्होंने तहसील परिसर में स्टाम्प विक्रेताओं को अपने चौम्बर के सामने नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा खानचन्द्र मार्केट में नजूल भूमि पर बनने वाले अवैध 50 से 60 कमरों की बिल्डिंग को सीज करने के उपरान्त कार्य चलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने वीसी प्राधिकरण, जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि शहर में होने वाले इस प्रकार के अवैध निर्माण की सुनवाई हर सप्ताह होनी चाहिए ताकि शहर में होने वाले अवैध निर्माणों पर रोक लगाई जा सके। इसके उपरान्त आयुक्त द्वारा बरसाती नहर सड़क पर होने वाले अवैध रूप से दुकानदारों द्वारा सड़क पर ही गाड़ियों की सर्विसिंग एवं मरम्मत का कार्य करने पर कड़ी आपत्ति जताई। निरीक्षण दौरान आयुक्त द्वारा रईस शौकर रिपेयरिंग सेन्टर एवं शफीक मोटर वर्क्स दुकानों को मौके पर ही सील कर दिया। उन्होंने कहा भविष्य में गाड़ियों की सर्विसिंग एवं मरम्मत सडक पर करने पर कठोर कार्यवाही के साथ ही दुकान सील कर दी जायेगी। श्री रावत ने बरसाती नहर पर लगने वाले अवैध रूप से ठेले एवं दुकानदार द्वारा शराब परोसने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा आदेशों का उल्लंघन होने पर कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो, वन संरक्षक दीप चन्द्र आर्य, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह आदि उपस्थित थे।


## शीघ्र आवश्यकता है

**SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को**

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1) ,**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम**, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर**
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com


## आवश्यकता है
- SalesExecutive (Male)
- Helper/Sales Employee
- Tyre Mechanic

(Salery-10000-15000)
Hero -संपर्क करें- MRF
Hero Motocorp Genuine Parts Distributorship.
M/S MOHINDRA AUTOMOTIVES
M/S MOHINDRA TYRES
PLOT NO 22 WARD NO 19, II FLOOR NAINITAL ROAD AWAS VIKAS, RUDRAPUR,Mo.8755575456

Shri Shyam Properties




## वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर





# तेजस्विनी फाउंडेशन ने चलाया नशा मुक्त अभियान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर धौलपुर स्थित तेजस्वी फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र ने नशा मुक्त अभियान की शुरुआत की। यह अभियान आगामी 1 फरवरी तक चलेगा ।नशा मुक्ति केंद्र संस्था के अध्यक्ष एसएस नरवाल और प्रबंध निदेशक सुनील कुमार ने बताया कि संस्था का मूल उद्देश्य समाज में नशे के कारण हो रहे दुष्परिणाम और नशा तस्करों के खिलाफ लोगों को जागरूक करना है ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि 1 फरवरी तक चलने वाले इस नशा मुक्त अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों जिसमें संबंधित पुलिस थाने, पुलिस चौकियां ,बस स्टैंड के अलावा अन्य स्थानों पर जागरूकता संबंधी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए समाजसेवियों और प्रशासन से सहयोग की अपील की है ।संस्था के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने बताया कि नशा मुक्त



अभियान के तहत निशुल्क परामर्श की व्यवस्था की गई है। नशा मुक्त केंद्र में इस अभियान के तहत जो लोग संस्था के जरिए स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं वह भी इस अभियान के साथ जुड़े और संस्था में रह रहे नशा मुक्ति चाहने वाले लोगों के साथ अपने अनुभव साझा किए जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ ।उन्होंने आव्हान किया कि नशा मुक्त समाज बनाने के लिए संस्था का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और संपूर्ण समाज को नशा मुक्त किया जाएगा ।इस दौरान विशाल, सुनील नयाल, योगेंद्र शर्मा, रमन रंधावा, सौरव, अतहर आदि मौजूद थे।

# युवती को भरोसे में लेकर बनाई अश्लील वीडियो और फोटो,फिर करने लगा ब्लैकमेल

काशीपुर। अश्लील वीडियो फोटो के सहारे युवती के दैहिक शोषण में असफल एक युवक ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसे तथा उसके परिवार को आरोपी से जान का खतरा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। कटंगी बारे में पुलिस को तहरीर देकर कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि पिछले लगभग 3 वर्ष के करीब से वह गुड़गांव स्थित अमेजॉन कंपनी में कार्यरत है। नौकरी की वजह से अक्सर से बाहर रहना पड़ता है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पूर्व गांव के ही अंकित पुत्र बृजभूषण से नजदीकी बढ़ गई। इस दौरान आरोप है कि अंकित ने युवती को विश्वास में लेकर उसके कुछ अश्लील वीडियो फोटो कैमरे में कैद कर लिए। युवती का आरोप है कि पहले तो उसने इधर-उधर की बातें झूठ सच बता कर झांसे में लेने का प्रयास किया लेकिन जब उसकी हकीकत सामने आई तो पीड़िता ने उससे किनारा करना शुरू कर दिया। इस दौरान अंकित उसे परेशान करने लगा और शादी के लिए दबाव बनाने लगा। वह उससे जबरदस्ती संबंध बनाने की कोशिश में लग गया। उसने धमकी दी कि पीड़िता की शादी हुआ कहीं और नहीं होने देगा। इस घटना से पीड़िता काफी डर गई। उसने परिजनों को सारी बात बताई। परिजनों ने जब आरोपी अंकित से इस बारे में बातचीत करने का वह समझाने का प्रयास किया तो अंकित ने उन्हें मौत के घाट उतारने की धमकी दे डाली। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में आशंका जताई है कि उसे तथा उसके परिवार को अंकित से जान का खतरा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# जीवन को सुधारने का अवसर देती है आलोचना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से बच्चो के साथ संवाद किया। जिसमें देशभर के स्कूलों के बच्चे वर्चुअली जुड़े देश के दूर दराज इलाको बच्चो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से परीक्षा को लेकर अनेको सवाल किये । इसके क्रम में रुद्रपुर जेसीस पब्लिक स्कूल में विधायक शिव अरोरा बच्चे अभिभावकों व उनके माता पिता के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए। परीक्षा चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के बच्चों को परीक्षा में कैसे तनावरहित रहे इसको लेकर अपने जीवन के कई उदाहरण सामने रखे जिनको बच्चो द्वारा गम्भीरता से लिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा परीक्षा जीवन का एक पड़ाव है जिससे हर व्यक्ति को होकर गुजरना है हमने भी जीवन के संघर्षों को जिया लेकिन कभी लक्ष्य से भयभीत नही हुए एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना चाहिए। परीक्षा एक अवसर है जिसको पूर्ण मनोयोग से अपना बेहतर प्रयास करेंगे परिणाम की चिंता किये बिना हर परीक्षा एक सफलता की कुंजी के रूप में लेना चाहिये, हमारा प्रयास ईमानदारी से हो तो सफलता निश्चित ही प्राप्त होगी। चंडीगढ़ की एक छात्रा द्वारा पूछे गये प्रशन कि आप विपक्ष की आलोचना को किस प्रकार लेते हैं ओर कैसे उस तनाव से उभरते है , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चे को जवाब दिया कि उन्होंने ने कहा की घर मे आलोचना नही होती अगर होती है तो उसको दरकिनार कर के वह अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ जाते हैं उनके साथ देश के सवा सौ करोड़ लोगों विश्वास साथ है इसमें वह ऐसे विषय को गम्भीरता से नही लेते। प्रधानमंत्री ने कहा देश मे आज आलोचना से ज्यादा आरोप लगाने का दौर अधिक है क्योंकि आलोचना जीवन को सुधारने का अवसर देती है ओर आरोप को जीवन मे दरकिनार करते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा हर बच्चे के अंदर बहुमुखी प्रतिभा है वह ज्ञान का सागर है बस उस ज्ञान को उभारने की आवश्यकता है और वह ज्ञान ही आज देश के हर चाहे वो विज्ञान का क्षेत्र हो टेक्नोलॉजी का क्षेत्र हो देश के विकास में आज हमारे युवा अपने ज्ञान कौशल से बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा हमको अपने दिमाग को स्वतंत्र रखते हुए हर पहलू पर विचार करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपनी मेहनत आपको जीवन मे सफलता की ओर लेकर जैसी ऐसे विश्वास के साथ हम परीक्षा में जाये निश्चित ही सकारात्मक परिणाम आएंगे । वही इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने भी कहा निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में मिले ओजस्वी सम्बोधन से हर बच्चो को प्रेरणा मिलेगी और आने वाली परीक्षा में उसका काफी लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा प्रधानमंत्री के उध्बोधन में बच्चो को सफलता ,आत्मनिर्भरता , ओर जीवन को खुले मन से खुले विचारों से दायरा बढ़ा जीना चाहिये आप सदैव सफल होंगे। वही कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा को स्कूल प्रबंधन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर समान्नित किया गया। इस दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली,जेसीस स्कूल के प्रबंधक सुरजीत सिंह, मयंक कक्कड़ , योगेश वर्मा, कार्यक्रम सयोजक राजेन्द्र श्रीधर, ललित मिगलानी, बिट्टू चौहान, गजेन्द्र प्रजापति, डी के गंगवार, शिव कुमार गंगवार, विद्या सागर, मदन दिवाकर, व अन्य लोग मौजूद रहे।






# जंगल के अंदर मिलावटी मिठाई का कारखाना पकड़ा

## हल्द्वानी रुद्रपुर की कई दुकानों पर होती थी मिठाई सप्लाई

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा पुलिस ने जंगल के अंदर मिलावटी मिठाई का कारखाना पकड़ा। पुलिस की छानबीन में तैयार मिठाई हल्द्वानी व रुद्रपुर के नामी गिरामी दुकानों में सप्लाई की जाती थी। पुलिस ने मौके से दो लोगो को गिरफ्तार कर दुकानदारों की तलाश में जुट गई। थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट शुक्रवार दोपहर शाहदोरा क्षेत्र पहुचे तो खेतों के अंदर बने फार्म हाउस पर मिठाई बनाये जाने की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके पर लगे दो कड़ाहों में डोडा बर्फी तैयार करते दो लोगो को पकड़ा। बताया जाता है कि सूचना पर सीओ ओमप्रकाश शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर दूध के पाउडर के पैकेट , रंग, फिटकरी, सहित गेंहू का टूटा हुआ दाना व कीड़े लगा बादाम सहित बड़ी संख्या में तैयार मिलक केक के सील डिब्बे बरामद किए। पुलिस को छानबीन में अहम सुराग हाथ लगे कि बरामद मिलावटी मिठाई रुद्रपुर से लेकर हल्द्वानी की नामी गिरामी मिठाई की दुकानों में पिछले नौ वर्ष से सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने बरामद मिठाई को कब्जे में सील करने की करवाई शुरू कर दी थी। सीओ ओमप्रकाश शर्मा ने फार्म स्वामी के विरुद्ध भी सत्यापन न करवाये जाने पर दस हजार रुपये जुर्माने की कार्रवाई के निर्देश दिये। जंगल में मिलावटी मिठाई का कारखाने के पकड़े जाने पर मिलावटी मिठाई खरीदने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों की मानें तो थाना पुलभट्टा पुलिस ने इस मामले की सूचना संबंधित विभाग के अधिकारीयों को भी दी, मगर कोई पर कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। थानाध्यक्ष के मुताबिक अधिकारी नहीं तो बरामद मिठाई को सील कर दिया। बता दें कि एक वर्ष से अधिक समय हो गया। रुद्रपुर में भी एसओजी ने इसी तरह का कारखाना पकड़ा था।



# कांग्रेसियों ने निकाली हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

गदरपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा अभियान के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण से गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने काग्रेस हाईकमान के दिशा निर्देश पर एकत्र होकर हाथो मे भारत का तिरंगा झंडा फहराते हुए अभियान की शुरुआत की। इस दौरान राजकीय इंटर कालेज से हाथ से हाथ जोडो यात्रा निकालते हुये नगर के बुध बाजार स्थित कंबोज धर्मशाला में समापन किया गया। यात्रा के दौरान कांग्रेस के अनुसूचित जाति के प्रदेश महासचिव प्रशांत सिंह का जोरदार स्वागत भी किया गया।इस दौरान पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को यह बताना कि भाजपा के उत्पीड़न से त्रस्त लोगों के साथ हम हैं और भाजपा की अलोकतांत्रिक नीतियों का विरोध करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हैं। इस मौके पर कांग्रेस के अनुसूचित जाति प्रदेश महासचिव प्रशांत सिंह ने कहा कि हाईकमान ने उन्हें प्रदेश महासचिव चुना है उसके लिए उनका धन्यवाद करते हैं और आज उन्हें यहां पर सम्मानित किया गया जिसके लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का तहे दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, यात्रा के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की जाएगी। कांग्रेस के इस कदम को इस साल देश के नौ राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता का विश्वास हासिल करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इस मौके पर सिद्धार्थ भुसरी, सुभाष बेहड़, सुमित्तर भुल्लर, अनिल सिंह, विजय भुड्डी, संजीव झाम, मनोज गुंबर, मोहनीश चौधरी, मोहन छाबड़ा, हरी खेड़ा, सुनव्वर अली, पूर्व पालिका अध्यक्ष लीलावती, जिला पंचायत सदस्य कुमारी सुमन सहित काफी संख्या में काग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



भूपेंद्र कुमार 'बंटी पपनेजा'
पूर्व प्रदेश सचिव
अ. भा.राहुल गांधी बिग्रेड
( उत्तराखंड )

# ऑक्सफोर्ड में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मना गणतंत्र दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।द ऑक्फोर्ड अकादमी रूद्रपुर में गणतंत्र दिवस जोश के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर प्रात:काल से ही राष्ट्र भक्ति के रंग में सराबोर हो चुका था। जोशीले देश भक्ति के गीतों ने प्रत्येक विद्यार्थी को एकता, संप्रभुता व समानता के सूत्र में बॉध दिया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य के एस नेगी ने विद्यालय परिसर में झण्डा फहराया। राष्ट्रीय गान जन गण मन के साथ प्रत्येक उपस्थित जन देश-भक्ति के सागर में हिलोरे लेने लगा। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने ऐसी छटा बिखोरी कि समस्त दर्शक मंत्रमुग्ध हुये बिना न रह सके। देवभूमि उत्तराखण्ड का कुमाउँनी नृत्य हो या पंजाब की हरियाली व प्राकृतिक सुषमा से सम्पन्न पंजाबी डॉस सभी में भारतीय एकता के दर्शन सुलभ थे। हिन्दी व अंग्रेजी में छात्रों ने गणतंत्र पर्व के महत्तव को प्रतिपादित करते हुये भाषण द्वारा भारत को एक बार फिर सोने की चिड़िया के रूप में स्थपित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपप्रधानाचार्य मुकेश रॉय ने गणतंत्र दिवस की पुन: शुभकामनायें देते हुये। इस दिन को महत्व को प्रतिपादित किया। प्रबंध समिति के सदस्य रोहताश बत्रा, चेयरमैन विकास बत्रा, जे के बाम्बा, वैभव बत्रा, अमित जिन्दल, श्रीमती स्नेहा मिड्ढा ने इस दिन की हार्दिक शुभकामनायें दी।




# वुडलैंड एकेडमी जूनियर हाईस्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के वुडलैंड एकेडमी जूनियर हाईस्कूल में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति नयाल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने विद्यालय को बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्व समझाते हुए कहा कि हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को लागु हुआ था, इस दिन भारत पूर्ण गणतंत्र बना था।उन्होंने कहा कि इस दिन भारत को अपना संविधान व कानून मिला और ब्रिटिश राज से पूरी तरह आजादी मिली। उन्होंने कहा कि यह भारत का संविधान ही है जो भारत के नागरिकों को एक सूत्र में बांधे रखता है, हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध करता है। उन्होंने कहा कि सही मायने में आजादी तभी होगी जब हम आपसी वैमनस्य की भावना का त्याग करें। सभी मिल जुलकर रहें और एकजुट होकर देश को आगे बढ़ाने का काम करें। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मन मोह लिया।



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डा.कुलदीप रघुवंशी
अध्यक्ष व्यापार मण्डल
गूलरभोज(उधम सिंह नगर)

# धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस एवम सरस्वती पूजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। खेड़ा स्थित सुपर इंटर कॉलेज में 74वा गणतंत्र दिवस एवम बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन धूम धाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल ने मां सरस्वती पूजन के उपरांत ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति के हर भाषा के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश जी ने की। कार्यक्रम में कल्याण सिंह, जमुना प्रसाद, सुनील पार्षद, मोहन लाल, नंदराम गंगवार, रंजीत पल, भीम सिंह कुशवाहा, हिना बी, रीता यादव ममता पाल, ज्योति, फरहा, इल्मा, ईश्वर दयाल। प्रधानाचार्य अनंत रामपाल, सहित विद्यालय के कर्मचारी, छात्र,छात्राएं, अभिभावक भारी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रजनी लोहनी ने किया।




SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# महिला क्रिकेट का प्रीमियर लीग

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी शायद नहीं सोचा था कि महिला प्रीमियर लीग के लिए टीमों की बिक्री को लेकर ऐसा उत्साह देखने को मिलेगा। पुरुषों के भारतीय प्रीमियर लीग की तरह महिला क्रिकेट का प्रीमियर लीग भी शुरू करने का फैसला किया गया है। इसके लिए बोलियां मंगाई गईं। इसकी कोई आधार राशि तय नहीं थी। मगर इसमें जिस तरह कंपनियों ने उत्साह के साथ बोली लगाई, वह हैरान करने वाली थी। महिला प्रीमियर लीग की पांच टीमों की बिक्री से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ को चार हजार छह सौ सत्तर करोड़ रुपए की कमाई हो गई। चौदह साल पहले जब भारतीय प्रीमियर लीग की शुरुआत हुई थी, तब पुरुष आइपीएल की आठ फ्रेंचाइजी बहत्तर करोड़ पैंतीस लाख नब्बे हजार डालर में बिकी थी। उसकी तुलना में यह काफी उत्साहजनक शुरुआत है। निस्संदेह इससे महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ा है। भारत में महिला क्रिकेट अभी बिल्कुल नया है। इस खेल को खुद महिला खिलाड़ियों ने अपने दम पर खड़ा किया और लंबे संघर्ष के बाद अपनी पहचान बनाई। जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय क्रिकेट टीम ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवा दिया, तब इसकी तरफ गया और इन खिलाड़ियों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाने लगा। कुछ महीने पहले ही बीसीसीआइ ने महिला और पुरुष खिलाड़ियों में फीस को लेकर बरते जा रहे भेदभाव को समाप्त करने की घोषणा की। महिला प्रीमियर लीग शुरू होने से माना जा रहा है कि न सिर्फ बीसीसीआइ की कमाई कई गुना बढ़ जाएगी, बल्कि भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी कमाई के मामले में दूसरे कई देशों के पुरुष खिलाड़ियों को पीछे छोड़ सकती हैं। फिर इससे दूर-दराज के इलाकों से प्रतिभावान महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को खेलने का व्यापक मंच उपलब्ध हो सकेगा। इसलिए कि भारतीय क्रिकेट टीम में तो कुछ खिलाड़ियों का ही चयन होता है, मगर प्रीमियर लीग में टीमें कई होती हैं, इसलिए उनमें बहुत सारे खिलाड़ियों को खेलने का अवसर उपलब्ध होता है। बीसीसीआइ ने खिलाड़ियों और टीमों के इनामों की घोषणा भी कर दी है। जो खिलाड़ी खरीदे जाएंगे, उनकी भी बोली लगेगी और फिर हर मैच के लिए उनकी फीस तय होगी। इस तरह जो महिला खिलाड़ी पुरुष खिलाड़ियों की तुलना में अधिक संघर्ष करते हुए खेल रही थीं, उन्हें अब कमाई का नया अवसर मिलने जा रहा है। जाहिर है, इससे छोटे-छोटे कस्बों और गांवों तक में खेल रही लड़कियों का उत्साह बढ़ेगा और वे बेहतर प्रदर्शन कर महिला प्रीमियर लीग में प्रवेश पाने की प्रतिस्पर्धा कर सकेंगी। इस तरह सचमुच आधी आबादी को बराबरी की जगह बनाने का अवसर मिल सकता है। क्रिकेट को लेकर हमारे देश में विशेष प्रेम देखा जाता है। प्रीमियर लीग चूंकि कम ओवरों का, तेजी से खेला जाने वाला खेल है, इसलिए उसमें अधिक रोमांच होता है और क्रिकेट प्रेमियों में इसे लेकर उत्साह बना रहता है। जाहिर सी बात है, जिस खेल को लेकर ज्यादा दर्शक उत्साहित और उत्सुक होते हैं, उससे कमाई भी अधिक होती है। इसलिए इसके लिए टीमें खरीदने को लेकर बड़ी-बड़ी कंपनियां भी बोली लगाती हैं। महिला प्रीमियम लीग की टीमें खरीदने में अडानी और अंबानी समूह ने भी बोली लगाई और ऊंची दरों पर टीमें खरीदने में कामयाबी हासिल की। निस्संदेह बीसीसीआइ के लिए यह एक नया कीर्तिमान बना, पर इस उत्साह में फिर एक टीस उभरी कि भारतीय हाकी और दूसरे खेलों में संघर्ष कर रही लड़कियों को कब ऐसे प्रोत्साहन देने वाले सामने आएंगे।

# भारत पर्व में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव बना आकर्षण

## लालकिले में आयोजित पर्व में उत्तराखंड के हस्तशिल्प और स्वादिष्ट व्यंजनों का मिल रहा स्वाद

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के लाल किला में आयोजित भारत पर्व में उत्तराखंड पर्यटन विभाग के स्टॉल पर आगामी मार्च में आयोजित होने वाले योग महोत्सव को मुख्य आकर्षण है। पर्यटन विभाग 1 से 7 मार्च के बीच ऋषिकेश में होने वाले योग और आरोग्य के महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव 2023 को केंद्र में रखकर देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है । भारत पर्व में उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत की प्रस्तुतियां भी की जा रही हैं। पर्व में आने वाले लोग बड़ी संख्या में इनमें रुचि दिखा रहे हैं।भारत पर्व का उद्घाटन बृहस्पितवार, 26 जनवरी 2023 को हुआ। शुक्रवार से इसे आम जनता के लिए खोला गया है। पर्यटन विभाग पर्व में उत्तराखंड थीम पवेलियन, फूड स्टॉल, हस्तशिल्प स्टॉल के जरिए लोगों को आकर्षित कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव को प्रोत्साहन देने के लिए योग एवं अध्यात्म की राजधानी ऋषिकेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की प्रदर्शनियों को भी शामिल किया गया है। इसी थीम पर एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। महोत्सव में शामिल होने के इच्छुक लोगों के लिए वहां नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध करायी गई है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा 1 से 7 मार्च 2023 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव में देश भर के प्रतिष्ठित योग संस्थानों ईशा फाउंडेशन, कैवल्यधाम, कृष्णामचार्य योग मंदिरम, आर्ट ऑफ लिविंग के योगाचार्यों द्वारा योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त योग महोत्सव में आए प्रतिभागियों के लिए आयुर्वेदाचार्यों द्वारा नि:शुल्क चिकित्सीय सत्र नाड़ी प्रीक्षण और विशेषज्ञों द्वारा परामर्श सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा योग महोत्सव में संध्या आरती, शास्त्रीय भजनसंध्या, लोक संगीत , लोक नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। योग महोत्सव में अधिक से अधिक विदेशी सैलानियों के आगमन को सुनिश्चित करने के लिए पर्यटन विभाग ने टूर ऑपरेटरों के लिए प्रोत्साहन राशि की घोषणा की ही जिसमें प्रत्येक टूर ऑपरेटर को प्रत्येक विदेशी पर्यटक की बुकिंग के एवज में घ10,000 और अधिकतम ध्5 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा शनिवार को भारत पर्व में एक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें लोकनृत्य व लोकगीतों के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया जाएगा और देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जाएगा । इसके अतिरिक्त उत्तराखंड के स्टॉल पर स्थानीय व्यंजनों का भी लुत्फ लिया जा सकता है। इनमें से कई व्यंजन अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 पर केंद्रित है जिनमें झंगोरे की खीर, मंड़वे की रोटी, गहत के पराठे, कुमाऊंनी रायता, तिल के लड्डू, भुनी हुई छाँस , बाल मिठाई, भांग और आम की चटनियाँ, उड़द दाल के पकोड़े, गहत की दाल (कुलथ) आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त हस्तशिल्प स्टॉल पर राज्य की हस्तशिल्प कला उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री की जा रही है। इन हस्तशिल्प कलाओं में ऐपण आर्ट, बद्रीनाथ व केदारनाथ के प्रतीक चिन्ह, स्थानीय पेड़ पौधों की रेशों से बने कंबल, चटाईयाँ, रस्सियाँ व कपड़े, बाँस के सूप व टोकरियाँ और मिट्टी के बर्तन आदि शामिल हैं।

# पृथक कांडा-कमस्यार ब्लॉक के लिए होगा अनशन

कांडा। कांडा-कमस्यार पृथक ब्लॉक बनाने की मांग फिर मुखर होने लगी है, लोगों ने एकजुट होकर जल्दब्लाक की मांग को लेकर आंदोलन करने का मन बना लिया है,संघर्ष समिति की यहां आयोजित बैठक में अपनी लंबित मांग दोहराई। समिति के अध्यक्ष एड गोविन्द सिंह भंडारी ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास की बात कहते है, पर क्षेत्र के ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए 65किमी दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, वही क्षेत्र के कही गांव कपकोट ब्लाक के अंतर्गत आते है जिन्हें जिलामुख्यालय से घूमकर 100 किमी दूरी का सफर भी वाहनों से करना पड़ता है, जिस कारण जनप्रतिनिधियों में भी विकास के क्षेत्र में इसका व्यापक असर पड़ता है,जिससे जनप्रतिनिधियों के विकास कार्यो के लिए स्वीकृत बजट में आने जाने में ही अधिक खर्चा उठाना पड़ता है, राज्य स्थापना दिवस पर रैली निकालने के बाद भी



सरकार उनकी सुध नहीं ले रही है। अब इस मांग को लेकर जल्द क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा। इससे पहले नीति आयोग से भी संपर्क किया जाएगा। क्षेत्र के लोगों से इसके लिए जागरूक किया जाएगा। राइंका बांजीरौठ में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से कांडा कमस्यार पृथक विकासखंड की मांग को लेकर संघर्षरत हैं। बैठक में तय हुआ कि शीघ्र मुख्यमंत्री से मिलने एक शिष्टमंडल देहरादून जाएगा वहां वार्तालाप की जएगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस नौ नवंबर को बागेश्वर में रैली निकाली गई। जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को पत्र भेजा गया था। इसी संदर्भ में शासन द्वारा प्रस्ताव मांगे गए हैं। नीति आयोग से भी संपर्क किया जाएगा। जल्द ब्लॉक गठन नहीं किया गया तो धरना क्रमिक अनशन किया जाएगा। अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद भंडारी ने सभी क्षेत्र वासियों से आंदोलन सफल बनाने में सहयोग की अपील की। अगली बैठक खातीगांव में रखी जाएगी, जिसमें अगली रणनीति तय होगी। कार्यक्रम का संचालन सुरेश रावत ने किया। इस मौके पर यहां सोहन सिंह, शेर सिंह धपोला, प्रयाग सिंह भंडारी, खड़क सिंह धामी, भूपेंद्र सिंह धपोला, दरपान सिंह धपोला, आलम सिंह मेहरा, महिप किशोर, आनंद धपोला,घ सविता नगरकोटी, बंशीधर कांडपाल, महिप किशोर, अशोक भंडारी, भगवान भंडारी आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के छात्रों से संवाद में प्रभारी मंत्री हुए शामिल

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विवेकानद इंटर कालेज में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुराधा पाल व पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा भी उपस्थित रहे। पीएम मोदी ने छात्रों को जीवन में सफल होने के लिए खास मंत्र भी दिया। पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा परीक्षा पर चर्चा में मेरी भी परीक्षा है और देश के हरविधार्थी मेरी परीक्षा ले रहे है, परिवारों को अपने बच्चो से उम्मीदें होना स्वाभिक है, लेकिन अगर यह सिर्फ सामाजिक स्थिति बनाए रखने के लिए है, तो यह खतरनाक हो जाता है। पीएम मोदी ने कहा सिर्फ परीक्षा के लिए नहीं वैसे भी जीवन में हमे समय के प्रबंधन के लिए जागरूक रहना चाहिए। पीएम ने छात्रो से कहा कि केवल परीक्षा के लिए ही नहीं अपने जीवन में हर स्तर पर टाइम मैनेजमेंट को लेकर जागरूक रहना





चाहिए। परीक्षा पर चर्चा के दौरान प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने छात्रों से कहा कि पहले काम को समझिए, हमें भी जिस चीज की जरूतर है, उसी पर फोकस करना चाहिए, तभी परिणाम मिलेगा। हमें स्मार्टली हार्डवर्क करना चाहिए तभी अच्छे परिणाम मिलेंगे। हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। लक्ष्य को निर्धारित करते हुए आगे बढना चाहिए। उन्होंने कहा स्वंय पर विश्वास रखें व्यक्ति का आत्मविश्वास ही उसे आगे बढाने में सहायक होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करने हुए कहा कि गलत रास्ते पर कतई न जाए, अनुशासन में रहें, अनुशसान ही व्यक्ति को आगे ले जाने में मददगार होता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरणा दी की जीवन में जो भी कार्य करें, पूरे मनोयोग से करें। उन्होंने कहा मेहनत ही जीवन में रंग लायेगी। इसके लिए अपने भीतर की ताकत को जानना जरूरी है। इस दौरान जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने भी बच्चों को सफल होने के आवश्यक टिप्स दिए। उन्होंने कहा जब हम किसी कार्य को पूरे मनोयोग से करते है तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। जीवन में अनेक परीक्षाओ का सामना करना पडता है, इसके लिए तनाव लेने के बजाए, उन चुनौतियों को पार पाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के बाद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा व जिलाधिकारी अनुराधा पाल द्वारा खेल गतिविधियों को बढावा देने के लिए विद्यालय में टेबिल टेनिस का भी उद्घाटन किया।वही जिले में कपकोट गरुड़ सहित पांच केंद्रों में प्रधानमंत्री का सम्बोधन ऑनलाइन हुआ, कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष इन्द्र सिंह फर्स्वाण, चमोली जिले के भाजपा प्रभारी एड.कुन्दन परिहार ज्येष्ठ प्रमुख हरीश मेहरा, पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, प्रधानाचार्य एएस तोपाल, जिला महामंत्री भाजपा संजय परिहार, राजेन्द्र राठौर, डॉ. राजेन्द्र परिहार, रमेश तिवारी, समेत विद्यालय के शिक्षक व विधार्थी मौजूद थे।

# कवियों ने बिखेरे वसंत के रंग

गरुड़। एनयूजेआई और उत्तराखंड पत्रकार एवं साहित्यकार समिति के तत्वाधान में आयोजित वासंती काव्य गोष्ठी में कवियों ने कविताओं के माध्यम से विविध वासंती रंग बिखेरे और ऋतुराज वसंत का स्वागत किया। गोष्ठी का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष मोहन जोशी ने मां सरस्वती की वंदना से किया। कवि व शिक्षक ओमप्रकाश फुलारा ने अपनी कविता में कहा -धरती में रंग भरने वसंत फिर चला आया है। अध्यक्षता करते हुए कवि मोहन जोशी ने वसंत पर कविता इस प्रकार सुनाई -जब तु यै छै य धरती उज्याणी य पौना सुवासिल वाणी, ऋतुराज वसंता ऋतुराज वसंता । संचालन करते हुए एनयूजेआई के वरिस्ठ उपाध्यक्ष पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला ने वसंत पर कुछ यों कहा - कर दे धरती श्रृंगार, भर दे ऋतुक भनार, तु छै सबुहै न्यार ।




प्राध्यापक व कवि डॉ हेम चंद्र दुबे ने वसंत का वर्णन करते हुए अपनी कविता में कहा -म्यरा गैला पातला दाज्यू,एक न्योली बासनी रै गे । ष इस मौके पर प्रसिद्ध छायावादी कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती पर उनका भावपूर्व स्मरण भी किया गया। कवियों को पीला रुमाल लगाकर उनका सम्मान किया गया।

# राजकीय संग्रहालय अल्मोड़ा में किया शैक्षणिक भ्रमण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। प्रभारी निदेशक राजकीय संग्रहालय अल्मोडा डॉ० चन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि आज उप निदेशक/कार्यक्रम निदेशक, डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल उत्तराखण्ड दिनेश कुमार राणा एवं सिंचाई विभाग के 32 प्रशिक्षु कनिष्ठ अभियन्ताओं तथा 2 सदस्यों द्वारा पं० गोविन्द बल्लभ पंत. राजकीय संग्रहालय, अल्मोड़ा में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में उनको राजकीय संग्रहालय अल्मोडा में विद्यमान विभिन्न कलाकृतियों, पाण्डुपियों, लोक विरासत, वीथिका प० गोविन्द बल्लभ पंत जी की जीवनी से सम्बन्धित वीथिका तथा संग्रहालय के सभागार में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों से



सम्बन्धित छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया तथा पी०पी०टी० के माध्यम से उत्तराखण्ड के विभिन्न कुमाऊ में विद्यमान विभिन्न मन्दिरों, प्रतिमाओं एवं पुरावशेषों से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। इस अवसर पर शिवराज सिंह बिष्ट सुरेन्द्र सिंह भवान सिंह, रवि बिष्ट, दीपक कुमार, शिवराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अल्मोड़ा पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पुलिस लाईन अल्मोड़ा में मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री डा0 धन सिंह रावत की उपस्थिति में आयोजित हुई भव्य परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमभव्य परेड में जवानों के जोश और जूनून ने किया उपस्थित जनों को उत्साहित,





तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा परेड ग्राउण्डनुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला सुरक्षा में गौरा शक्ति के महत्व को समझायामहिला सुरक्षा को बढ़ावा देने वाला सेल्फी स्टेण्ड भी रहा आकर्षण का केन्द्र, मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने ली सेल्फीआज 26 जनवरी, 2023 को राष्ट्र के 74 वें गणतंत्र दिवसके अवसर पर श्री प्रदीप कुमार राय, एसएसपी अल्मोड़ाद्वारा पुलिस लाइन अल्मोड़ा में ध्वजारोहण कर उपस्थित समस्त पुलिस बल को गणतंत्र दिवस की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रमकेदौरानएसएसपीअल्मोड़ा द्वारा विशिष्ट सेवाओं के श्री राष्ट्रपति पुलिस पदक, राज्यपाल पुलिस पदक एवं सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित उत्तराखण्ड पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम पढकर सुनाये गये एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा इस अवसर पर स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्र की उन्नति में प्रत्येक का योगदानअहमहैंआपके अच्छे कार्य हमेशा आपकोगौरवान्वित करते है इसलिए सभी को अपने कार्यो/दायित्वों का पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से पालन कर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य अथिति की उपस्थिति में भव्य परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमोंकाआयोजनगुडसेमिरिटन सहित गुड वर्क करने वाले हुए सम्मानितइसके उपरांत पुलिस लाइन अल्मोड़ा के परेड ग्राउंड में भव्य रैतिक परेड का आयोजन किया गया। 'मुख्य अतिथि जनपद अल्मोड़ा के प्रभारी मंत्री डा0 धन सिंह रावत, मा0 कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार' द्वारा गणतंत्र दिवस की भव्य परेड़ का निरीक्षण करने के उपरांत ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गई 'गणतंत्र दिवस परेड का नेतृत्व श्रीमती ओशिन जोशी, सीओ ऑपरेशन अल्मोड़ा द्वारा किया गया'। इस भव्य रैतिक परेड में महिला पुलिस, पुरुष पुलिस, पुरुष होमगार्ड व छब्ब की तीन टोलियां एवं ठ रानीखेत के बैंड के अतिरिक्त, एचपीयू, यातायात पुलिस, इण्टरसेप्टर वायरलेस,फायर सर्विस, डायल-112, एसडीआरएफ, मोबाईल फोरेन्सिक यूनिट, एएनटीएफ अल्मोड़ा द्वारा भी अपने-अपने वाहनों से प्रतिभाग किया गया। भव्य रैतिक परेड के उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जनों को गौरा शक्ति के बारे में जागरुक किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों की झांकियां भी प्रदर्शित की गई। 'मुख्य अतिथि महोदय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले गुड सेमिरिटन, परेड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जवानों, अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों व उत्कृष्ट झाकियों को सम्मानित किया गयाबालिका हुई पुरस्कृतअल्मोड़ा यातायात पुलिस के जवान गोपाल जोशी की 09 वर्षीय पुत्री निधि जोशी द्वारा मुख्य अतिथि, जिलाधिकारी व एसएसपी अल्मोड़ा को स्वयं द्वारा बनाये गये उनकी स्केच को भेट किया, जिलाधिकारी महोदया द्वारा बालिका का उत्साहवर्धन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गयासेल्फी स्टैंड का अतिथियों में क्रेज महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए परेड में लगाये गये अल्मोड़ा पुलिस का आई स्पोर्ट वूमन सेफ्टी, सेल्फी स्टेण्ड भी आकर्षण का केन्द्र रहा जिसमें मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने भी सेल्फी लीएंकरिंग कार्यक्रम का मंच संचालन सुश्री विभू कृष्णा, म0कानि0 गार्गी रानी व हे0कानि0 आनन्द कनवाल द्वारा किया गयाफेसबुक पेज से लाइव प्रसारणभव्य परेड/आयोजित कार्यक्रमों का अल्मोड़ा पुलिस द्वारा अपने फेसबुक पेज अल्मोड़ा पुलिस उत्तराखण्ड के माध्यम से लाईव प्रसारण किया गया था जिसे हजारों लोगों द्वारा देखकर सराहा गया उपस्थिति उक्त कार्यक्रम में मनोज तिवारी, विधायक अल्मोड़ा, सुश्री वन्दना सिंह, जिलाधिकारी अल्मोड़ा, डा0 जगत सिंह बिष्ट, कुलपति एसएसजे विश्व विद्यालय, प्रकाश चंद जोशी नगर पालिका अध्यक्ष अल्मोड़ा, कैलाश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, रघुनाथ सिंह चौहान,पूर्व विधायक अल्मोड़ा, ललित लटवाल, अध्यक्ष डीसीबी, रमेश बहुगुणा, जिला अध्यक्ष बीजेपी अल्मोड़ा, कमाण्डेण्ट एसएसबी, कर्नल एनसीसी, सीएमओ अल्मोड़ा, एडीएम अल्मोड़ा, एसडीएम अल्मोड़ा, सीओ अल्मोड़ा, सीओ संचार, जिला कमाण्डेण्ट होमगार्डस सहित जिले के समस्त विभागाध्यक्ष/ सम्मानित जनप्रतिनिथि/ गणमान्य सम्भ्रान्त नागरिक व जिले के सभी विभागों के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।






### नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 03 क्रमांक 279 पर श्री लक्ष्मी पत्नी राजकुमार व संतोदेवी पत्नी रामदास का नाम अंकित है। जिसको आपसी बटवारा के आधार पर संतोदेवी पत्नी रामदास वार्ड नं0 03 ने गृहकर अभिलेखों में अपना नाम पृथक करने के लिए अनुरोध किया है, जो गृहकर अभिलेखों में पृथक करने के लिए प्रस्तावित है । व वार्ड नं0 04 क्रमांक 178 पर गृहकर अभिलेखों अनुसार गोपाल दास पुत्र स्वव संतलाल का नाम अंकित है जिसको रजिस्टर्ड बेनामे आधार पर श्रीमती कृष्णावती पत्नी स्व0 गोपाल दास एंव कुलजस रॉय तथा जीवन कुमार पुत्र स्वव गोपाल दास नि0 वार्ड नं0 07 से क्रय किया है। जिसको गृहकर अभिलेखों में हरीश जेठली व अनिल कुमार शर्मा पुत्र स्वव सत्यपाल शर्मा नि० वार्ड नं0 04 ने पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में अपने नाम से नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया है। जो गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण के लिये प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधमसिंह नगर )**

# बच्चे परीक्षाओं को आनंद,उत्सव के रूप में लें : राज्यपाल

देहरादून । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा रायपुर में 'परीक्षा पर चर्चा-2023' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन करने के साथ ही उन्हें, मानसिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किये गए इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यक्रम परीक्षाओं को एक नई दृष्टि देखने का नजरिया विकसित करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं के तनावमुक्त वातावरण से मुक्ति पा सकेंगे। बच्चों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी ने बच्चों की उत्सुकता, शिक्षकों और अभिभावकों की चिंता को



अपने उद्बोधन से उमंग और समाधान में बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के उद्बोधन से छात्रां, उनके अभिभावकों और शिक्षकों की शंकाओं का समाधान किया है। राज्यपाल ने कहा कि परीक्षाओं को बोझ के तरह न लेते हुए बच्चे परीक्षाओं को आनंद, उत्सव के रूप में लें। उन्होंने कहा कि हमें हर वक्त कुछ न कुछ अवश्य सीखते रहना चाहिए। बच्चे हमेशा सवालों के जरिये अपने शंकाओं का समाधान करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कुछ न कुछ अलग प्रतिभा होती है हमें उसे अवश्य पहचानना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम का कोई शॉर्टकट नहीं है, बच्चे हमेशा कठिन परिश्रम करते हुए अपने सपनों को साकार करें। इस कार्यक्रम में मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन, निदेशक एससीईआरटी सीमा जौनसारी, प्रधानाचार्य डॉ.सुनीता भट्ट सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**भारतीय वायुसेना के ..**जंगल में गिर गए। इस हादसे के पायलट खुद को बचाने में कामयाब रहे। मुरैना कलेक्टर अंकित अस्थाना ने बताया कि एक विमान के दोनों पायलटों को बचा लिया गया है। दोनों को चोटिल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। वहीं, मुरैना एसपी आशुतोष बागरी ने बताया, एयरफोर्स से मिली सूचना के मुताबिक एक विमान में 2 पायलट और दूसरे में एक ही पायलट सवार था। दो पायलट तो सही सलामत मिल गए हैं जबकि दूसरे विमान के एक पायलट के बॉडी पार्ट्स मिले हैं। साथ ही एक विमान के कुछ हिस्से राजस्थान के भरतपुर में भी गिरे हैं। आईएएफ ने अपने बयान में कहा, भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमान आज सुबह ग्वालियर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए। विमान नियमित परिचालन उड़ान प्रशिक्षण मिशन पर थे। इसमें शामिल 3 पायलटों में से एक की जान चली गई है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उधर, राजस्थान के भरतपुर जिले स्थित उच्चौन थाना इलाके के पींगोरा गांव के पास दूसरा लड़ाकू विमान आग का गोला बनता हुआ जमीन पर आ गिरा। जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने बताया कि ग्वालियर यूनिट का इंडियन एयरफोर्स का एयरक्राफ्ट है। फिलहाल जानकारी के मुताबिक पायलट इजेक्ट कर गए थे। उनकी लोकेशन का पता लगाया जा रहा। नॉर्दर्न कमांड के पूर्व कमांडर बीएस जयवाल ने ।रंजां को बताया कि ब्लैक बॉक्स से ही पूरे हादसे खुलासा होगा। लेकिन दोनों विमानों का एक साथ दुर्घटनाग्रस्त होना हैरानी भरा मामला है। सीएम शिवराज ने मुरैना कलेक्टर को बचाव और राहत कार्य के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं। सीएम शिवराज ने ट्वीट में लिखा, श्शमुरैना के कोलारस के पास वायुसेना के सुखोई-30 और मिराज-2000 विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर अत्यंत दुखद है। मैंने स्थानीय प्रशासन को त्वरित बचाव और राहत कार्य में वायुसेना के सहयोग के निर्देश दिए हैं। विमानों के पायलट के सुरक्षित होने की ईश्वर से कामना करता हूं।

**हरिद्वार पहुंचे धीरेंद्र ...** कहा कि हरिद्वार आकर अद्भुत लगा। आचार्य बालकृष्ण बड़े भाई हैं। देर रात शास्त्री हरिद्वार से छतरपुर के लिए चले गए। इस दौरान आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आज दोनों को अच्छा लगा। कहा कि दोनों की विधाएं अलग हैं, लेकिन मार्ग एक है। दोनों ने उन्हीं विधाओं पर चर्चा की। कहा कि सनातन विधि हमारे ऋषियों का मार्ग है। लोगों के जीवन को सुगम किस तरह से बनाया जा सकता है उसके लिए और बेहतरी से काम किया जाएगा। वहीं आचार्य बालकृष्ण ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री का उत्तराखंड आगमन पर स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर उनके साथ कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा है कि बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के साथ बिताए कुछ पल, यूं भोलेपन से मुस्कुराना तुम्हारा, यह बताने के लिए पर्याप्त है कि तुम भोले और सहज हो, यह निश्छलता व सहजता ही तुम्हारा आभूषण है।मिलने से पूर्व अविश्वास तो नहीं, पर शंकाओं से रहित भी तो नहीं।अब मैं कह सकता हूं, महर्षि पतंजलि के कथन "जन्मौषधिमन्त्रतप:समाधिजा: सिद्धय:" का एक उदाहरण हो तुम। सनातन वैदिक धर्म वह वटवृक्ष है, जहां से सभी सम्प्रदाय व परम्पराएं निकली हैं। यदि मानें कि कई नहीं निकली हैं तो वे उससे प्रभावित अवश्य हुई हैं और जो प्रभावित भी नहीं हुई, वे कभी मानवता के लिए कार्य नहीं कर सकतीं क्योंकि जो सनातन का नहीं, वह मानवता का भी नहीं। हमनें अपने अनुज के साथ लगभग 23 घंटे बिताए, जिसमें देखा- देश के लिए चिंता करते हुए व समस्याओं का समाधान खोजते हुए युवा मस्तिष्क को, राष्ट्रवाद को लेकर धड़कते एक युवा हृदय को। मुझे गर्व है कि मुझे ऐसा छोटा भाई मिला, जो संवेदनशील होने के साथ दैवीय कृपाप्रसाद से युक्त है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में व साधनहीन वंचित जनों के पीड़ाहरण के लिए कार्य करना चाहता है। मेरे प्रिय अनुज ! हृदय की गहराई से यही उद्गार निकलता है- सदैव अविचलित व अडिग बनो, तुम धीर हो, धीरेन्द्र हो, कृष्ण हो। बालकृष्ण सदृश अनेकों भाई तुम्हारे पथ को कंटकविहीन करने के लिए सदैव तत्पर हैं, क्योंकि तुम सनातन के लिए हो, किसी संप्रदाय के लिए नहीं।

**७३.१२ ग्राम स्मैक..**ग्राम गुलडिया थाना मीरगंज जिला बरेली तथा नरेश पाल पुत्र शिवचरण ग्राम गुलडिया थाना मीरगंज जिला बरेली बताया। एसएसपी ने बताया कि जब पकड़े गये दानों व्यक्तियों की तलाशी ली गई तो दोनों के पास से कुल 73. 12 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई । पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बाजपुर प्रवीण कोशियारी, उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल, उपनिरीक्षक प्रकाश चंद्र, हेड कांस्टेबल राजकुमार सिंह व कानि सीपी जगदीश कोठियाल शामिल थे। एसएसपी ने पुलिस टीम को पांच हजार रूपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

**एसटीएफ ने हाथी दांत..**थानाकालाढूंगी पर अभियोग दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के नाम दीपक चिमवाल पुत्र पूरन चिमवाल निवासी ग्राम पोलगड थाना कालाढूंगी नैनीताल अरविंद गुप्ता पुत्र मूल चंद निवासी बाजपुर उधम सिंह नगर अमित पुत्र कृष्ण अवतार निवासी बाजपुर उधमसिंह नगर शामिल है। एवं बरामदगी एक हाथी दांत वजनी करीब 9 किलो लंबाई 107 सेमी,गोलाई 33 सेमी शामिल है। एसटीएफ की टीम में निरीक्षक अबुल कलाम उपनिरीक्षक दिलबर हेड कांस्टेबल संजय कुमार कॉन्स्टेबल मोहन असवाल शामिल रहे। अभियुक्तों की गिरफ्तारी में स्थानीय पुलिस और वन विभाग की टीम का भी सहयोग लिया गया है ।

**पोस्को के आरोपी..**प्रभारी ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा जा रहा है। नाबालिग लड़की को मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी को पहले भी हिदायत दी गई थी,वह नहीं माना।

**तेज तर्रार सब इंस्पैक्टर..**चौकी में दलालों का प्रवेश वर्जित है और चौकी के आस पास दिखे तो सलाखों में भेजा जायेगा। उन्होंने अधीनस्थों को भी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

**बागेश्वर धाम सरकार..**थी। आयोजकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्र के लोगों से भी ध्वज यात्रा में अधिक से अधिक तादाद में शामिल होने की लगातार अपील करते रहे। यही कारण है कि शनिवार को अपराहन तक कार्यक्रम स्थल के पास लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। जय श्री राम वंदे मातरम के गगनभेदी नारों के साथ ध्वज यात्रा की शुरुआत हुई। आयोजकों ने इसे धर्म की लड़ाई बताया और कहा कि सनातन की अस्मिता को सहेजने के लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। ध्वज यात्रा में तमाम हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों के अलावा बड़ी तादाद में सनातन धर्म के समर्थक हिंदू समाज के स्त्री पुरुष शामिल रहे।

**बिंदुखेड़ा से सामिया..**शिव अरोरा ने कहा यह मार्ग के निर्माण से बिंदुखेड़ा ओर दानपुर क्षेत्र के लोगो को इसका सीधा लाभ मिलेगा वही निर्माण कार्य मे पूरी गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए इसके लिये ठेकेदार को निर्देशित किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा हमारा प्रयास है रुद्रपुर क्षेत्र में चूहमुखी विकास हो हमारे क्षेत्र की हर आवश्यक चीजे क्षेत्र में उपलब्ध हो , विधायक ने कहा हम एक बेहतर रुद्रपुर बनाने की दिशा मे लगातार कार्य कर रहे है। इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट,ग्राम प्रधान पूजा वर्मा, कावल सिंह, बीडीसी गुरबाज सिंह, कैलाश अग्रवाल, मंदीप वर्मा, कुंदन सिंह राठौर, विधुतभटाचार्य, पूरन भट्ट, बाबू राम, गुरचरण, जितेंद्र भूषण, जसपाल सिंह , सुखविंदर सिंह, अमरीक सिंह, अजित सिंह, सुखवंत सिंह, जोगेंद्र सिंह,विमल मारवाह,गुरमीत सिंह, नरेश टम्टा,देवेंद्र बिष्ट, मध ु,जया पांडेय, चंपा जोशी, दीपा मिश्रा, नेहा सिंह, शांति दैवी व अन्य लोग मौजूद रहे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# गणतंत्र दिवस पर मेधावी छात्रा अनुष्का प्रीतम को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रुद्रपुर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में सीबीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी पद पर तैनात डॉ अंजनी कुमार और श्रीमती कंचन की सुपुत्री अनुष्का प्रीतम ने सीबीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में डीएम युगल किशोर पंत, एसएसपी डॉ०मंजू नाथ टीसी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनीता रतूड़ी चुफाल की मौजूदगी में प्रशस्ति पत्र



ऑल इंडिया स्तर पर चतुर्थ और उत्तराखंड में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली अनुष्का प्रीतम को जनपद प्रभारी व कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे। अनुष्का प्रीतम की उपलब्धि पर गणतंत्र दिवस की ७४वीं वर्षगांठ पर रुद्रपुर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विधायक शिव अरोड़ा, देकर सम्मानित किया। उन्होंने अनुष्का प्रीतम के उज्जवल भविष्य की कामना की ।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी छात्र छात्राओं के लिये अनुष्का प्रेरणा का स्रोत बन गई है। इस अवसर पर डॉ. अंजनी कुमार आदि मौजूद थे।

# मेहतोष चौकी इंचार्ज को किया सम्मानित



गदरपुर(उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रुद्रपुर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गदरपुर के तेजतर्रार एसआई ओम प्रकाश को उत्तराखंड पुलिस में सेवा, सुरक्षा और मित्रता की भावना से कार्य करने पर कैबिनेट मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बताते चलें कि मेहतोष चौकी इंचार्ज को बीती 26 जनवरी को रुद्रपुर के पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड पुलिस की ओर से गदरपुर थाने में तैनात एसआई ओम प्रकाश को उत्कृष्ट कार्य करने पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि एसआई ओम प्रकाश की गिनती उन चुनिंदा पुलिस के अधिकारियों मे की जाती है जिन्होंने अपने फर्ज को अंजाम देते हुए अनगिनत आपराधिक घटनाओं का खुलासा करने में मुख्य भूमिका अदा की हैं। ओमप्रकाश अपने कुशल व्यवहार और विनम्र स्वभाव के लिए भी विशेषकर जाने जाते हैं।।










# उधमसिंहनगर जिले में नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को उत्कृष्ट सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किय

देहरादून। पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेवा के आधार एवं विशिष्ट कार्य के लिए जनपद उधमसिंहनगर में नियुक्त निम्न अधिकारी/ कर्मचारियों को उत्कृष्ट/ सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से विभूषित/अलंकृत किया गया। सुश्री वंदना वर्मा क्षेत्राधिकारी काशीपुर श्रीमती प्रतिमा भट्ट निरीक्षक महिला हेल्पलाइन काशीपुर श्रीमती मंजू पाण्डे, निरीक्षक जनपद ऊधमसिंहनगर । उ0नि 0 कमलेश भट्ट थानाध्यक्ष पुलभट्टा जनपद उधमसिंहनगर।श्री जरनैल सिंह, कान्स० 268 ना०पु० जनपद ऊधमसिंहनगर श्रीमती कंचन, 531 ना०पु० जनपद ऊधमसिंहनगर ।श्रीमती अरुणा, म०कान्स० 293 ना०पु० जनपद ऊधमसिंहनगर श्री पंकज बिनवाल, कान्स० 1109 ना०पु० जनपद ऊधमसिंहनगर ।श्री भूपेन्द्र राम, आरक्षी 969 ना०पु० जनपद ऊधमसिंहनगरश्री नरेश जोशी थाना ट्रांजिट कैंप जनपद उधमसिंहनगर।श्री दया किशन, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, जनपद ऊधमसिंहनगर श्री चन्दन पुजारा, फायर सर्विस चालक, जनपद ऊधमसिंहनगरश्री दयाचन्द्र, फायरमैन, जनपद ऊधमसिंहनगर श्री महेश सिंह फायरमैन, जनपद ऊधमसिंहनगर । जनपद में प्रभारी कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर निम्न पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों को उनके द्वारा वर्ष 2022 में किए गए सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। निरीक्षक मनोज रतूड़ी प्रभारी निरीक्षक काशीपुरनिरीक्षक भारत सिंह पी०आर०ओ० व०पु०अ०निरीक्षक बसन्ती आर्य प्रभारी एएचटीयू उ०नि० भगवान गिरी चौकी प्रभारी बन्नाखेड़ा उ०नि० विनोद जोशी प्रभारी ए०एन०टी०एफ० रूद्रपुर उ०नि० अनिल उपाध्याय थानाध्यक्ष दिनेशपुरउ०नि० दिनेश सिंह परिहार कोतवाली रुद्रपुरउ०नि० भुवन चन्द्र जोशी एस०ओ०जी० रुद्रपुरउ0नि0 महेश चन्द्र कांडपाल कोतवाली रूद्रपुरउ०नि० ओम प्रकाश कोतवाली बाजपुरउ०नि० कुसुम रावत थाना गदरपुरउ०नि० प्रदीप कोहली वाचक व०पु०अ०उ०नि० देवेंद्र गौरव थानाध्यक्ष नानकमताहे०कानि० 01 ना०पु० नवीन भट्ट पेशी कार्यालय कानि0 680 ना०पु० रंजीत पेशी कार्यालयकानि0 1137 ना०पु० अमित कोतवाली रूद्रपुर म०कानि0 304 ना०पु० ललिता भट्ट डायल 112 पुलिस कार्यालय कानि0 133 स०पु० शैलेंद्र पी०आर०ओ० सैल पुलिस कार्यालय म०कानि0 178 ना०पु० डौली जोशी सी०सी०टी०एन०एस० पुलिस कार्यालय म०कानि0 1073 ना०पु० दीपा कुँवर महिला हैल्प लाईन पुलिस कार्यालय म०कानि0 359 ना०पु० सुनीता रावत कोतवाली खटीमा कानि0 909 ना०पु० नीरज शुक्ला कोतवाली रुद्रपुर कानि0 777 ना०पु० प्रेम कनवाल कोतवाली काशीपुर कानि0 653 ना०पु० कैलाश तोमक्याल एस0ओ०जी० काशीपुर।







